मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-434
26/11/2019

# मुख्यमंत्री ने बिहारशरीफ स्थित हिरण्य पर्वत का किया निरीक्षण, जल संरक्षण एवं पर्यटन के विकास के लिए दिये महत्वपूर्ण सुझाव

पटना, 26 नवम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज बिहारशरीफ स्थित हिरण्य पर्वत पर पर्यटन के विकास की संभावना को लेकर निरीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने संपूर्ण पहाड़ी के कैचमेंट एरिया के वर्षा जल को चेकडैम बनाकर पहाड़ी के ऊपर ही संचित एवं संरक्षित करने की संभावना पर कार्ययोजना बनाकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री को बताया गया कि नगर निगम बिहारशरीफ द्वारा पहाड़ी के ऊपर सोलर प्लांट लगाने की भी कार्ययोजना बनाई गई है, इस दिशा में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने पहाड़ी पर निर्मित चिल्ड्रेन पार्क एवं अन्य संरचनाओं का भी बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने पहाड़ी पर निर्मित आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा संरक्षित इब्राहिम मलिक वया के मकबरे का भी अवलोकन किया। यहां उन्होंने प्रदेश में अमन–चैन एवं विकास के लिए दुआ की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के परामर्शी श्री अंजनी कुमार सिंह, प्रमंडलीय आयुक्त श्री संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, नगर आयुक्त श्री सौरभ जोरवाल, बिहारशरीफ नगर निगम की मेयर श्रीमती वीणा देवी, उप मेयर श्रीमती शर्मीली परवीन सहित अन्य पदाधिकारी एवं आम लोग उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि बिहार में जल–जीवन–हरियाली अभियान की शुरुआत हो चुकी है। इस अभियान के तहत पर्यावरण एवं जल संरक्षण को लेकर आने वाले दिनों में व्यापक स्तर पर अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। हमें पता चला है कि यहॉ पर बहुत लोग आते हैं। इसके विकास के लिये जो कुछ करना है, करेंगे। इसको और ऐसा बना दिया जायेगा कि सब जगह के लोग यहॉ आयें।

******